नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **8**

V-103

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा – X) परीक्षा, 2017

लेवल – द्वितीय

विषय : स्वास्थ्य देखभाल

समय : **2** घण्टे

पूर्णांक : **30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तरपुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर-पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक के उत्तर **4** से **6** पंक्ति में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** से **38** तक के उत्तर दो पृष्ठ तक लिखें ।

Downloaded from www.cclchapter.com

भाग – 'अ'

सही विकल्प चुने : **($10 \times \frac{1}{2} = 5$)**

1. जिला अस्पताल की बिस्तर क्षमता होती है $\frac{1}{2}$

(अ) 50 से कम बिस्तर

(ब) 50 से 200 बिस्तर

(स) 201 से 500 बिस्तर

(द) 501 से 1000 बिस्तर

2. आराम से बैठे हुए एक वयस्क व्यक्ति के लिए सामान्य श्वसन दर प्रति मिनट होती है $\frac{1}{2}$

(अ) 10-12 सांस (ब) 12-16 सांस

(स) 18-20 सांस (द) 21-24 सांस

3. पीठ के बल लेटना शरीर मुद्रा की कौन सी स्थिति होती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) प्रोन (ब) सुपाइन

(स) फोलर (द) लेटरल

4. हेपेटाइटिस बी में शरीर का निम्न अंग संक्रमित होता है : $\frac{1}{2}$

(अ) आमाशय (ब) हृदय

(स) आँत (द) यकृत

Downloaded from www.cclchapter.com

5. टाइफाइड बुखार फैलता है $\frac{1}{2}$

(अ) मच्छरों द्वारा (ब) कीटों द्वारा

(स) दूषित भोजन व पानी द्वारा (द) खाँसी द्वारा

6. ईबोला हेमरेजिक बुखार है $\frac{1}{2}$

(अ) बैक्टीरिया जनित (ब) वाइरस जनित

(स) कवक जनित (द) प्रोटोजोआ जनित

7. एक वयस्क मनुष्य में हड्डियों की औसत संख्या होती है $\frac{1}{2}$

(अ) 200 (ब) 206

(स) 208 (द) 300

8. तेज बुखार में शरीर का तापमान होता है $\frac{1}{2}$

(अ) 98° डिग्री फे. से कम

(ब) 98.8° डिग्री फे. से 100.8 डिग्री फे.

(स) 101 डिग्री फे. से 103 डिग्री फे.

(द) 104 डिग्री फे. और अधिक

Downloaded from www.cclchapter.com

9. रक्त किस प्रकार का ऊतक होता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) उपकला (ब) संयोजी

(स) पेशीय (द) तंत्रिकीय

10. गुर्दा प्रतिदिन कितना मूत्र बनाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) 1-1.5 लीटर (ब) 1.5-2 लीटर

(स) 2-2.5 लीटर (द) 2.5-3 लीटर

भाग – 'ब'

रिक्त स्थानो की पूर्ति करे : **$(20 \times \frac{1}{2} = 10)$**

11. संचारी रोगों से पीड़ित व्यक्ति का इलाज _________ अस्पताल में किया जाता है । $\frac{1}{2}$

12. जन्म से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों की चिकित्सा देखभाल _________ विभाग में की जाती है । $\frac{1}{2}$

13. सफाई तथा लॉन्ड्री विभाग _________ की देखभाल करता है । $\frac{1}{2}$

14. हीमोग्लोबिन की जाँच _________ प्रयोगशाला में की जाती है । $\frac{1}{2}$

Downloaded from www.cclchapter.com

15. आर्थोपेडिक अस्पताल में _________ से सम्बन्धित समस्याओं का उपचार किया जाता है । $\frac{1}{2}$

16. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की बिस्तर क्षमता _________ होती है । $\frac{1}{2}$

17. रक्तचाप का उच्च होना _________ कहलाता है । $\frac{1}{2}$

18. शरीर का सामान्य तापमान _________ होता है । $\frac{1}{2}$

19. ठोस भोजन लेने में असमर्थ रोगी को _________ आहार दिया जाता है । $\frac{1}{2}$

20. भोजन शरीर और मस्तिष्क को _________ प्रदान करता है । $\frac{1}{2}$

21. अस्पताल में भर्ती होने के बाद होने वाला संक्रमण _________ कहलाता है । $\frac{1}{2}$

22. कुत्ते के काटने से _________ रोग होता है । $\frac{1}{2}$

23. संक्रमण की रोकथाम के लिए बैक्टीरिया वृद्धि को रोकना _________ कहलाता है । $\frac{1}{2}$

24. चिकित्सा सहायता मिलने से पहले दी जाने वाली सहायता _________ चिकित्सा कहलाती है । $\frac{1}{2}$

Downloaded from www.cclchapter.com

25. तीसरी डिग्री तक जलने पर त्वचा की _________ परतों को नुकसान होता है । $\frac{1}{2}$

26. आयरन की कमी से _________ रोग हो जाता है । $\frac{1}{2}$

27. विटामिन सी की कमी से _________ रोग हो जाता है । $\frac{1}{2}$

28. एंबुलेंस में _________ कर्मचारी होते हैं जो उचित चिकित्सा सहायता देते हैं । $\frac{1}{2}$

29. रोगी, आगंतुकों, डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए अस्पताल में संपर्क का पहला बिंदु _________ होता है । $\frac{1}{2}$

30. अस्पताल का _________ विभाग वह हिस्सा होता है, जिसमें सड़क दुर्घटना या गंभीर जटिलताओं से पीड़ित व्यक्ति का तुरंत इलाज किया जाता है । $\frac{1}{2}$

भाग – 'स'

चार से **छ:** पक्तियों में उत्तर दीजिए : **$(6 \times 1\frac{1}{2} = 9)$**

31. जनरल ड्यूटी सहायक की विशेषताएँ लिखिए । $1\frac{1}{2}$

32. फोलर स्थिति क्या होती है ? इसके उपयोग लिखिए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

33. अच्छे पोषित व्यक्ति की विशेषताएँ लिखिए । $1\frac{1}{2}$

Downloaded from www.cclchapter.com

34. बुख़ार के प्रकार बताइए तथा बुख़ार के रोगी का प्राथमिक उपचार लिखिए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

35. दमा रोग से आप क्या समझते हो ? दमा रोगी का प्राथमिक उपचार लिखिए । $\frac{3}{4} + \frac{3}{4} = 1\frac{1}{2}$

36. तनावपूर्ण स्थितियों के दौरान रोगी तथा रिश्तेदारों को जवाब देते समय जनरल ड्यूटी सहायक को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? $1\frac{1}{2}$

भाग – 'द'

दो पृष्ठों में उत्तर दीजिए । **(2 × 3 = 6)**

37. माइक्रोब कैसे संक्रमित करते हैं ? वर्णन कीजिए । **3**

अथवा

कीटाणुशोधन किसे कहते हैं ? अस्पताल में उपयोग में ली जाने वाली किन्हीं पाँच कीटाणुशोधन विधियों का वर्णन कीजिए । $\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 3$

38. मूत्र प्रणाली का चित्र बनाते हुए इसकी संरचना का वर्णन कीजिए । **1 + 2 = 3**

अथवा

पोषण महत्त्वपूर्ण क्यों है ? मैक्रो पोषक तत्त्वों का वर्णन कीजिए । **1 + 2 = 3**

Downloaded from www.cclchapter.com

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Downloaded from www.cclchapter.com